**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, जनवार्ता," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 31.08.2025

### इंस्टाग्राम पर किया अवैध निर्माण का प्रचार, सील

वाराणसी। इंस्टाग्राम रील से अवैध निर्माण के प्रचार पर वीडीए ने एक्शन लिया है। नगवां वार्ड के गौतम नगर कॉलोनी में राहुल सिंह और अन्य लोग 190 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर बिना मानचित्र पास कराए जी+4 के डुप्लेक्स का अवैध निर्माण करवा रहे थे। इसे इंस्टाग्राम की रील के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर बेचा जा रहा था। वीडीए की टीम ने तत्काल कार्रवाई कर भवन को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। उधर, शिवपुर वार्ड में वीडीए की टीम ने 2 अवैध निर्माण को सील कराया। बेलवरिया सिंधोरा रोड पर आरके यादव नाम के शख्स ने प्राथमिक विद्यालय के सामने 145 वर्ग मीटर में भूतल का स्लैब डालकर प्रथम तल पर शटरिंग का कार्य कराया था। वीडीए ने उसे भी सील कराया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 30.08.2025

### अपोलो हास्पिटल का नक्शा किया रिलीज

जासं, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अपोलो हास्पिटल का नक्शा पास करने के साथ शनिवार को रिलीज कर दिया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि अपोलो हास्पिटल प्रबंधन ने बड़ा लालपुर आवासीय योजना में वीडीए से जमीन खरीदी थी। पिछले दिनों हास्पिटल के लिए नक्शा दाखिल किया था जिसे स्वीकृत कर दिया गया था। विकास शुल्क चार करोड़ 41 लाख 54487 रुपये जमा करने पर स्वीकृत मानचित्र को रिलीज कर दिया गया है। अब हास्पिटल के निर्माण में कोई दिक्कत नहीं है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## दैनिक जागरण–दि0 31.08.2025

### इंस्टाग्राम से किया प्रचार तो सील किया डुप्लेक्स

जागरण संवाददाता, वाराणसी : इंस्टाग्राम के जरिए सुसवाही स्थित गौतम नगर कालोनी में डुप्लेक्स बेचने की जानकारी होने पर शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की। जोन चार के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि नगवां वार्ड के सुसवाही स्थित गौतम नगर कालोनी में 190 वर्ग मीटर में डुप्लेक्स बेचने का प्रचार-प्रसार इंस्टाग्राम के जरिए करने की सूचना मिली। सुसवाही के लेन नंबर तीन में राहुल सिंह समेत अन्य लोग वीडीए से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कर रहे थे। मौके पर चार डुप्लेक्स निर्माण होते मिले। सभी को सील कर दिया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 31.08.2025

### लालपुर आवासीय योजना की सड़क 1.93 करोड़ से बनेगी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण की लालपुर आवासीय योजना (प्रथम और द्वितीय चरण) में खराब सड़कें ठीक कराई जाएंगी। प्रथम चरण में 3100 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए वीडीए ने 193.76 लाख रुपये स्वीकृत किया है। साथ में सड़क के दोनों तरफ पटरियों पर इंटरलाकिंग टाइल्स लगाई जाएगी। इसके लिए वीडीए ने निविदा निकाली है। 15 सितंबर तक काम शुरू करने की तैयारी है जिससे कालोनीवासियों को राहत मिल सके। जरूरत पड़ने पर और भी राशि जारी की जाएगी जिससे योजना में कोई कमी नहीं रह जाए।

लालपुर आवासीय योजना (प्रथम और द्वितीय चरण) में काफी संख्या में लोग रहते हैं। पूर्व में बनी सड़क कई स्थानों पर खराब हो गई है जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। कालोनीवासियों की मांग पर वीडीए उपाध्यक्ष ने सहायक और अवर अभियंता की टीम भेजकर खर्च का आंकलन करवाया। इसके अलावा लालपुर आवासीय योजना (द्वितीय चरण) के तहत नागा बाबा मंदिर रोड की उत्तरी दिशा स्थित पाकेट (ईडब्ल्यूएस एवं एलआइजी भवनों के आसपास) करीब 3100 मीटर लंबी सड़क खराब है। यहां भी दोनों तरफ इंटरलाकिंग टाइल्स लगनी हैं।



लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण में सड़क निर्माण के लिए 193.76 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। दूसरे चरण के लिए आने वाले खर्च का आंकलन करने को अभियंता को निर्देशित किया गया है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। -पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

## हिन्दुस्तान–दि0 31.08.2025

### सुसवाही में डुप्लेक्स समेत दो भवन सील

**वाराणसी।** वीडीए ने शनिवार को नगवां वार्ड के गौतम नगर कालोनी (सुसवाही) में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 190 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर जी+4 तल के डुप्लेक्स का अवैध निर्माण बंद करा दिया गया। साथ ही भवन सील कर दिया। अवैध निर्माण का इंस्टाग्राम की रील के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर बेचा जा रहा था।

## न्यायाधीश–दि0 31.08.2025

### वीडीए के जोन-1 ,वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत 02 अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 30.08.2025 को जोन-1 ,वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत 02 अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत अभिषेक उपाध्याय मौजा दादूपुर वार्ड शिवपुर जिला वाराणसी में लगभग 922 वर्ग मीटर में बेसमेंट का निर्माण कर ग्राउंड फ्लोर पर कालम का निर्माण किए जाने पर उक्त निर्माण के विरुद्ध उत्तर प्रदेश नगर नियोजन विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत नोटिस की गई थी पक्ष द्वारा लगातार निर्माण कार्य किए जाने के पश्चात निर्मित 02 तालो को सील किया गया ।वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत आर0के यादव बेलवरिया सिंधोरा रोड प्राथमिक विद्यालय बेलवरिया के सामने वार्ड शिवपुर में लगभग 145 वर्ग मीटर में भूतल का स्लैब डालकर प्रथम तल पर शटरिंग का कार्य किए जाने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन विकास अधिनियम 1973 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत भवन को सील किया गया ।मौके पर जोनल अधिकारी श्री शिवजी मिश्रा एवं अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।।

## जनवार्ता–दि0 31.08.2025

### इंस्टाग्राम रील से उजागर अवैध निर्माण पर वीडीए का ताला

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शनिवार को इंस्टाग्राम रील के जरिए सामने आए अवैध निर्माण पर सख्त कदम उठाया है। नगवां वार्ड, गौतम नगर कॉलोनी (सुसवाही, लेन-3, पोल नं.-1) में राहुल सिंह एवं अन्य द्वारा लगभग 190 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर जी+4 तल का डुप्लेक्स बिना मानचित्र स्वीकृति खड़ा किया गया था। जिसको अवैध निर्माण का प्रचार-प्रसार इंस्टाग्राम रील से किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही प्राधिकरण की जोन-4 प्रवर्तन टीम ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर भवन को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया।



प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से अवैध निर्माण का प्रचार-प्रसार व विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। वही उपाध्यक्ष ने आमजन से अपील किया है कि मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कोई भी निर्माण न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।